हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर, 2025

**तापमान**
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

14 अग्रोहा धाम में वार्षिक मेला देशभर से पहुंचे श्रद्धालु




14 सातरोड गांव में बनेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम एक एकड़ से ज्यादा जगह चिन्हित



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित तीन बाइक सवार काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक टीम ने चौधरीवास टोल से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को काबू करके उनसे 10.53 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशा निरोधक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर चौधरीवास टोल से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को काबू किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गांव बडवा निवासी रमेश, सुगन और जैकी बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल के टूल बॉक्स से एक पॉलिथीन की थैली में 10.53 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन व मोटरसाइकिल कब्जे में लेकर तीनों को गिरफ्तार करर लिया। उनके खिलाफ थाना आजाद नगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### हथियारों संग फोटो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सुल्तानपुर निवासी रविन्द्र के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले गांव में दहशत फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों संग फोटो अपलोड कर दिया था।

### धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी काबू

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 1 लाख 92 हजार 858 रुपये की धोखाधड़ी मामले में पानीपत के वार्ड नंबर 9 निवासी आरोपी हर्षित व पानीपत के वार्ड नंबर 10 निवासी कपिल व काव्या को गिरफ्तार किया गया है। थाना साइबर क्राइम में तैनात मुख्य सिपाही सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने सितंबर 2025 में गांव कोथ कलां निवासी मंजीत को पार्ट टाइम जॉब देने के बहाने व टॉस्क पुरा करने के नाम पर 1 लाख 92 हजार 858 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को 1,00,500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुट्टी मंगल खां निवासी दिलावर के रूप में हुई है। सीआईए में तैनात एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि पुट्टी मंगल खां गांव एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया और टीम ने मौका पर जाकर दिलावर को 1,00,500 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपयों को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ सदर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एकेडमी के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**हांसी।** पुलिस जिला हांसी में साइबर सुरक्षा माह अक्टूबर के तहत लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा फेथ एकेडमी के विद्यार्थियों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य सिपाही प्रवीन ने साइबर अपराधों के प्रकार, उनके प्रभाव तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक विवरण किसी को न बताएं, अजनबी कॉल या फिशिंग ई-मेल से सावधान रहें।

### मिठाइयां बिना खाद्य लाइसेंस के बनाई जा रही

**त्योहारी सीजन में मिलावट पर शिकंजा**

# न्यू सैनी स्वीट्स व बीकानेर पर सीएम फ्लाइंग का छापा

*टीम को गोदाम में 370 किलोग्राम मावा व 10 किलोग्राम पनीर मिला दुकानदार पर 'फूड सेफ्टी एक्ट 2006' के तहत किया चालान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। न्यू सैनी स्वीट्स के गोदाम पर कार्रवाई में सीएम फ्लाइंग टीम ने हिसार की विद्युत नगर स्थित न्यू सैनी स्वीट्स के गोदाम पर रेड की। रेड के दौरान दुकान मालिक मोहन सैनी मौके पर मौजूद मिले। जांच में पाया गया कि दुकानदार द्वारा खाद्य विभाग से मिठाइयां बनाने का कोई लाइसेंस नहीं लिया गया और बिना लाइसेंस के ही मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। गोदाम की जांच के दौरान टीम को कोल्ड स्टोर में लगभग 1370 किलोग्राम मावा और करीब 10 किलोग्राम पनीर मिला। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल ने मौके से मावा के तीन सैंपल और पनीर का एक सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस मिठाइयां बनाने पर दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत चालान किया गया है।

### गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राजस्थान से मिलावटी मावा बसों के माध्यम से हिसार लाया जा रहा है और यहां विभिन्न मिठाई दुकानों में इसका उपयोग किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने बीकानेर मिष्ठान भंडार, रेलवे रोड हिसार के गोदाम पर रेड की। रेड के दौरान टीम को मौके पर राजस्थान के जोधपुर निवासी रविव सिंह मिले, जो मिठाई बनाने का कार्य करवा रहे थे। जांच में सामने आया कि गोदाम में बड़े पैमाने पर मिठाई का उत्पादन चल रहा था, जबकि संचालक के पास मिठाई बनाने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। टीम इंचार्ज ने बताया कि सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद संबंधित मिठाई व्यापारी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयां बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जहां-जहां मिलावटी मिठाई या नकली मावा बनाने की शिकायत मिलेगी, वहां रेड की जाएगी।


हांसी। मिठाई के गोदाम से सैंपल लेते खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल उनके साथ सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज एसआई सुनैना।

### हांसी में मिठाई के गोदाम पर की रेड, मावे के 3 सैंपल लिए

- त्योहारी सीजन पर खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को लेकर सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट

**हांसी।** त्योहारी सीजन पर खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को लेकर सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट हो गया है। सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को हिसार सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुनैना के नेतृत्व में धौला कुआं स्थित बत्रा स्वीट्स के मिठाई के गोदाम पर रेड कर लाइसेंस व अन्य दस्तावेज की जांच की तथा तथा वहां बनाए जा रहे मावे के तीन सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन कुमार चहल ने बताया कि गोदाम से लिए गए तीनों सैंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ लैबोरेटरी भेजा जाएगा और सैंपलों की रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल ने कहा कि त्योहारी सीजन में कुछ लोग ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में खाद्य सामग्री में मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि मिलावट करने वाले लोगों पर नकेल कसने के लिए सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा है और मिठाई व मिठाई के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्रियों के सैंपल लिए जाते हैं। इस अवसर पर सीएम फ्लाइंग के एएसआई सुरेंद्र सिंह व हैड कांस्टेबल विजय मौके पर मौजूद थे।

### मिठाई कारोबारियों में मचा हड़कंप

जैसे ही शहर में बीकानेर मिष्ठान भंडार पर रेड की खबर फैली, अन्य मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई दुकानों ने तत्काल सफाई और स्टॉक जांच शुरू कर दी।

### त्योहारी सीजन में बढ़ा मिठाई कारोबार, बढ़ी सतर्कता

दीवाली नजदीक आने के चलते इन दिनों मिठाइयों की बिक्री चरम पर है। इसी वजह से सीएम फ्लाइंग टीम और स्वास्थ्य विभाग लगातार बाजारों की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे सिर्फ भरोसेमंद दुकानों से ही मिठाइयां खरीदें और किसी भी संदिग्ध मिठाई की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# सुंदर नगर में ट्रांसपोर्टर की हत्या

- सुंदर नगर में ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के सुंदर नगर में ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस टीमें जांच में जुटी है। अभी हमलावरों का पता नहीं चल पाया है। लगभग 44 वर्षीय मृतक राजेश मूलरूप से भिवानी जिले के नकीपुरा गांव का रहने वाला था और पिछले लगभग पांच साल से हिसार में रहता था।

सोमवार रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार राजेश सुंदर नगर में ट्रांसपोर्ट का काम करता था, साथ ही एक कनफेक्शनरी की दुकान चलाता था। वह उसी दुकान के पिछले हिस्से में रहता था। सोमवार रात को बाइक पर आए दो युवकों ने राजेश की छाती में गोली दाग दी, जिससे वह वहीं ढ़ेर हो गया। घटना के समय पर वह सुंदर नगर में अपनी दुकान के बाहर खड़ा था। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की पांच टीमों ने तुरंत छानबीन शुरू की और घायल राजेश को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हमलावरों की तलाश जारी

शहर थाना एसआई रामचंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं, जबकि सीआईए की टीम हमलावरों की तलाश कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स खंगाल रही है। जांच में सामने आया है कि राजेश ने दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर रील डाली थी।

### अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज

मृतक राजेश के भाई संतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात में उसके पास एक महिला का फोन आया जिसमें बताया था कि उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संतू ने बताया कि उसका भाई ट्रांसपोर्ट का काम करता था। संतू के अनुसार उसके भाई का किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। विभिन्न टीमें हमलावरों की तलाश में लगी है।

### जिला साइकलिंग टीम का चयन आज

**चयन की प्रक्रिया चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम में होगी**

**उकलाना।** हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित राज्य ओलंपिक खेलों के अंतर्गत हरियाणा राज्य खेल उत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस क्रम में जिला साइकलिंग टीम के चयन की प्रक्रिया 8 अक्टूबर को सुबह चौधरी दलबीर सिंह स्टेडियम, प्रभुवाला में आयोजित की जाएगी। जिला साइकलिंग संघ के अध्यक्ष कुलबीर सोहेल ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में हिसार जिले के सभी साइकिलिस्ट भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में रोड और ट्रैक दोनों प्रकार के मुकाबले होंगे तथा इसमें लड़के और लड़कियों दोनों श्रेणियों के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य ओलंपिक खेलों में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 2 से 9 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे।

# अनियंत्रित होकर टूरिस्ट बस पलटी, बड़ा हादसा टला

**कुछ यात्रियों को आई मामूली चोटें, इलाज जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

क्षेत्र के गांव बिठमड़ा के पास हिसार-टोहाना मुख्य मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। खाटू श्याम से अमृतसर जा रही एक टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में उतर गई और पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि बस पूरी तरह एक ओर झुक गई, लेकिन गनीमत यह रही कि बस में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार तड़के जब बस गांव बिठमड़ा स्थित सरकारी स्कूल के पास पहुंची तो अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। बस सड़क से उतरकर गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। बस में सवार लगभग तीन दर्जन से अधिक यात्रियों को बाहर निकाला गया। कुछ सवारियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के लिए ले जाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बस उत्तर प्रदेश से रवाना होकर खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए गई थी,और वहां से वापसी में यात्रियों को अमृतसर लेकर जा रही थी।


उकलाना। अनियंत्रित होकर पलटी टूरिस्ट बस। *फोटो : हरिभूमि*

# नेताजी कॉलोनी में होगा जलभराव का समाधान

- मेयर प्रवीण पोपली ने दौरा करके सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नेताजी कॉलोनी की जलभराव की पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने जनस्वास्थ्य विभाग को स्थायी समाधान के लिए निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश उस समय दिए गए जब मेयर स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों से समस्या की जानकारी ली। नेताजी कॉलोनी में लगभग 750 मीटर लंबी एक सड़क कॉलोनी के सबसे निचले हिस्से में स्थित है। इसके कारण बरसात या सीवरेज की समस्या के दौरान यहां अक्सर जलभराव हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि थोड़ी सी बारिश या सीवर ओवरफ्लो होने पर इस सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


हिसार। नेताजी कॉलोनी में लोगों के बीच मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

### मेयर ने दिए निर्देश

समस्या की गंभीरता को देखते हुए कॉलोनी वासियों ने मेयर प्रवीण पोपली को मौके पर बुलाया। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ जसवीर को भी मौके पर बुलाया और सफाई व जल निकासी के तत्काल उपायों के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा पहले से इस क्षेत्र में जल निकासी के लिए एक मोटर लगाई गई थी, जो जलभराव की स्थिति में पानी को बाहर निकालती है। लेकिन कॉलोनी वासियों ने बताया कि जब बिजली चली जाती है, तो यह मोटर काम नहीं करती, जिससे पानी जमा हो जाता है और समस्या और बढ़ जाती है।

# नवीन ने विनीत को हराकर जीता गोल्ड

- नवीन के गांव में खुशी का माहौल ओलंपिक में मेडल जीतना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के गांव घिराय निवासी अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बूरा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और दमखम से पूरे जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित बॉक्सिंग फेडरेशन कप 2025 में नवीन बूरा ने मंगलवार को 85 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेलवे के विनीत को 0-5 अंकों के अंतर से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में नवीन ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और विरोधी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से नवीन को विजेता घोषित किया। नवीन बूरा भारतीय सेना की ओर से बॉक्सिंग में भाग लेते हैं। नवीन बूरा ने पहले मुकाबले में उत्तराखंड के राकेश को 4-1 से मात दी, दूसरे मुकाबले में सोहित को 3-2 अंकों से हराया, जबकि तीसरे मुकाबले में उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस टीम के मुक्केबाज को 5-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भी उन्होंने अपने लाजवाब प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। गांव के लोगों ने भी नवीन बूरा की उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि वह उकलाना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अपनी जीत पर भावुक होते हुए नवीन बूरा ने कहा, "मैं यह गोल्ड मेडल अपने माता-पिता और पूरे परिवार को समर्पित करता हूं। उनका सहयोग और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मेरा लक्ष्य है कि आने वाले समय में देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतकर तिरंगा लहराऊं।


हिसार। नवीन को विजेता घोषित करके कोच। *फोटो : हरिभूमि*

### घिराय में खुशी का माहोल

गोल्ड मेडल जीतने की खबर जैसे ही गांव घिराय पहुंची, परिवार व ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर परिजनों ने मिठाइयां बांटी और डीजे की धुन पर युवाओं ने खुशी का इजहार किया। नवीन के पिता जयवीर सिंह बूरा ने कहा कि "बेटे ने एक बार फिर पूरे परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उसने दीवाली से पहले ही हमें सबसे बड़ा तोहफा दे दिया है। उसके गोल्ड मेडल ने पूरे घर को दीपों की तरह रोशन कर दिया है।

**खेल** | बिजली निगम की 15वीं अन्तर सर्कल खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

# 100 मीटर दौड़ में हैड ऑफिस हिसार से रीतू रही प्रथम

प्रतियोगिता का समापन आज, हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग विजेताओं को देंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विद्युत नगर खेल प्रांगण में चल रही दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की 15वीं अन्तर सर्कल खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी विभिन्न स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले हुए। इससे पूर्व प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिजली निगम के डायरेक्टर प्रोजेक्ट्स व प्रतियोगिता की आयोजन समिति की अध्यक्ष इंजीनियर विनीता सिंह, चीफ इंजीनियर प्रशासन रजनीश गर्ग, चीफ ऑडिटर प्रदीप कुमार लोहान व अधीक्षक अभियंता एम.एम. ओमबीर ने मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विभिन्न मुकाबलों का शुभारंभ किया। निगम की खेलकूद समिति के जनरल सेक्रेटरी व खेल अधिकारी रविन्द्र पानू ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन समारोह पर बुधवार को मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त हिसार व बिजली निगम के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार गर्ग होंगे और निगम के डायरेक्टर ऑप्रेशन विपिन गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे।

**ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से संदीप दौड़ा सबसे तेज:** प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए एथलेटिक्स के हुए पुरुषों के 100 मीटर के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से संदीप प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल फरीदाबाद से रामभल द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल भिवानी से नरेश तृतीय स्थान पर रहे। पुरुषों के 200 मीटर के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से विकास प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल सिरसा से मनीष द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल नारनौल से बिरेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। पुरूषों के 400 मीटर के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से विकास प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल जींद से मनोज द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल पलवल से नीरज तृतीय स्थान पर रहे। पुरुषों के 800 मीटर के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल नारनौल से पवन प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल रेवाड़ी से नवल द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल जींद से गंगाराम तृतीय स्थान पर रहे। पुरुषों के 1500 मीटर के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल रेवाड़ी से विनोद प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल फरीदाबाद से अमित द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल भिवानी से जगदीप तृतीय रहा।






हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### गुरुग्राम-सिरसा के बीच होगा वॉलीबॉल फाइनल

वॉलीबॉल में विभिन्न रोमांचक मुकाबले देर रात तक हुए। सेमीफाइनल के हुए मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल गुरुग्राम ने ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद को, ऑप्रेशन सर्कल सिरसा ने ऑप्रेशन सर्कल भिवानी को, ऑप्रेशन सर्कल फतेहबाद ने ऑप्रेशन सर्कल भिवानी को हराया। फाइनल मुकाबला ऑप्रेशन सर्कल गुरुग्राम और ऑप्रेशन सर्कल सिरसा के बीच होगा। फुटबॉल के सेमीफाइनल के लिए हैड ऑफिस हिसार ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से और ऑप्रेशन सर्कल जींद ऑप्रेशन सर्कल भिवानी से मुकाबला कर जीतने वाली टीम फाइनल में अपना दमखम दिखाएगी।

### प्रतियोगिता के रहे परिणाम

महिलाओं के हुए एथलेटिक्स के विभिन्न मुकाबलों में 100 मीटर के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से रीतू प्रथम और हिसार जोन से सुनीता द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से रीतू प्रथम और हिसार जोन से प्रिया द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से रीतू प्रथम और हिसार जोन से सुशीला द्वितीय स्थान पर रही। शॉट पुट के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से श्वेता प्रथम, हिसार जोन से मोनू द्वितीय और दिल्ली जोन से हेमलता तृतीय स्थान पर रही।

### डिस्कस थ्रो में दिल्ली जोन की हेमलता अव्वल

डिस्कस थ्रो के मुकाबलों में दिल्ली जोन से हेमलता प्रथम स्थान, हिसार जोन से सुनीता द्वितीय और हैड ऑफिस हिसार से श्वेता तृतीय स्थान पर रही। जेवलिन थ्रो के मुकाबलों में हिसार जोन से नीलम प्रथम, दिल्ली जोन से सरीना द्वितीय और हैड ऑफिस हिसार से प्रीति तृतीय स्थान पर रही। लोंग जंप के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से वर्षा प्रथम, हिसार जोन से सुशीला द्वितीय और दिल्ली जोन से सरीना तृतीय स्थान पर रही। हाई जंप के मुकाबलों में हैड ऑफिस हिसार से वर्षा प्रथम, हिसार जोन से सुशीला द्वितीय और दिल्ली जोन से रेनू तृतीय स्थान पर रही।

### शॉटपुट में ऑप्रेशन सर्कल भिवानी से बिजेन्द्र प्रथम

पुरुषों के लॉग जंप के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से उग्रसेन प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल रेवाडी से योगेश द्वितीय और हैड ऑफिस हिसार से गौरव तृतीय स्थान पर रहे। हाई जंप के मुकाबलों में ऑप्रेशन सर्कल फतेहाबाद से उग्रसेन प्रथम, ऑप्रेशन सर्कल हिसार से अजय द्वितीय और ऑप्रेशन सर्कल गुरूग्राम से सज्जन तृतीय स्थान पर रहे।



# बाहुबलीः द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबलीः द बिगनिंग और बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबलीः द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

## लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुरः द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए।



बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम



**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।

### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे*** *: अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**हिसार।** लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली जेवरा–किराडा तथा एचबीटी–जुगलान सड़क का निर्माण कार्य का आरंभ हो गया है। युवा भाजपा नेता व डबवाली ज़िला प्रभारी संजीव गंगवा ने नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन सड़को से क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी सहूलियत होगी।

### भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया

**हिसार।** भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस मंगलवार पूरे विश्व में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आज सुबह आदि धर्म समाज (आधस) परिवार द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें सभी नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी श्रद्धालुओं ने सृष्टिकर्ता वाल्मीकि दयावान के चरणों में पुष्प अर्पित किए, प्रसाद का भोग लगाकर भजनों का गुणगान किया गया। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को प्रकट दिवस की शुभकामनाएं दी।

### वाल्मीकि आश्रम में सत्संग का आयोजन

**उकलाना।** भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में वाल्मीकि आश्रम में समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक गर्ग उपस्थित रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि भगवान वाल्मीकि जी ने बिना किसी शस्त्र के, केवल अपनी कलम के बल पर मानवता की सेवा की और आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान व शिक्षा का संदेश दिया।

### डॉ. सुरेन्द्र को मिला राजस्थान गौरव सम्मान

**उकलाना।** शिक्षाविद् व समाजसेवी डॉ. सुरेन्द्र सेलवाल को भारतीय दलित साहित्य अकादमी शाखा राजस्थान द्वारा जैसलमेर में आयोजित दलित साहित्यकार सेमिनार में राजस्थान गौरव सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता व नशा उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। डॉ. सेलवाल ने कहा कि संविधान में देश के आखिरी व्यक्ति के सभी अधिकार सुरक्षित हैं, जिन्हें सही मायने में वोट के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए जागरूक रहना चाहिए।

### महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर कार्यक्रम

# वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ना ही महर्षि को सच्ची श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** लघु सचिवालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती के प्रकट उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य।

संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर लघु सचिवालय परिसर में मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि रहे जबकि हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर प्रवीण पोपली विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम कथा की रचना करने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी ने मानव समाज को भगवान श्रीराम की दिव्य कथा का अमूल्य उपहार दिया। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी वेदों के ज्ञाता, ब्रह्म ज्ञानी तथा मानवता में करुणा, दया और समानता के प्रतीक थे। उनके आदर्शों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ना ही महर्षि वाल्मीकि जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर आयोजित समारोह में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने मानवता को मर्यादा, समानता और करुणा का संदेश दिया। वे आदि कवि, महान ऋषि और सत्य के साधक थे, जिन्होंने श्री राम कथा के माध्यम से समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा रत्न से सम्मानित प्रसिद्घ गायक रामचंद्र बबल तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान को नमन किया।

**अधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा, नगराधीश हरिराम, एचसीएस हरबीर सिंह, आबकारी एवं कराधान विभाग के संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार, पार्षद राजेंद्र बिडलान, संजीव रेवड़ी, सुरेश गोयल धुपवाला, कुलदीप कांगड़ा, चमनलाल बागड़ी, बलराज सिंह, कुलद्वीप कांगड़ा, संजय लोट, पूर्व प्रधान रतन बडगुज्जर, बृजमोहन पंवार, जमना सिंह चौहान, सरपंच राजबीर, दीपक वाल्मीकी, देशराज बलियाली, ताराचंद बलियाली, हरिनारायण, पंकज खटक, मदन चौहान, गणेश, विक्की टॉक, नरेश, गुलशन, बाबूलाल, राजकुमार, सहित सामाजिक संगठनों के सदस्य तथा भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर उकलाना में हुआ भव्य समारोह

**पूर्व मंत्री अनूप धानक ने की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी



**उकलाना।** महषि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व मंत्री अनूप धानक व अन्य।

संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत जिला हिसार के खंड उकलाना में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप धानक ने मुख्य अतिथि रहे और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

अनूप धानक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी न केवल संस्कृत के प्रथम कवि थे, बल्कि उन्होंने मानवता, समानता और सत्य के मूल्यों को समाज में स्थापित करने का कार्य किया। उनके द्वारा रचित रामायण आज भी पूरी दुनिया को धर्म, नीति और जीवन के आदर्शों की शिक्षा देती है। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि हमें महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज उत्थान करें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, तहसील कल्याण अधिकारी संजय श्योराण, बीडीपीओ राहुल श्योकंद सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य और समानता का मार्ग दिखाया

**मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** मास्टर उदय सिंह लोहान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते एसडीएम विकास यादव।

संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत स्थानीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदयसिंह लोहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम विकास यादव ने की। नगर पालिका अध्यक्ष शमशेर कूकन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि मास्टर उदय सिंह लोहान ने समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भक्ति गीत, कविताएं और विचार प्रस्तुति के माध्यम से भगवान वाल्मीकि के उपदेशों और आदर्शों का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मास्टर उदय सिंह लोहान ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि ने समाज को मर्यादा, सत्य और समानता का मार्ग दिखाया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, सुधीर कुमार, अरुण लोहान, दीपक लोहान, विजय, अक्षय वाल्मीकि, पार्षद टेक राम, पिंकी पाल आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने समाजसेवी गुप्ता को किया सम्मानित

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी सुशील गुप्ता को समाज सेवा में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने एवं पुलिस विभाग को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पुलिस व समाजसेवियों का आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। समाज के उत्थान, नशा उन्मूलन, साइबर जागरूकता तथा जनहित से जुड़े अभियानों में समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी से आमजन को सही दिशा मिलती है। ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं।



**हांसी।** समाजसेवी सुशील गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रदान करते पुलिस अधीक्षक।

# राह फाउंडेशन ने इंटरनेशनल टीचर डे पर उपेन्द्र को किया सम्मानित

**बीईओ ऑफिस उकलाना में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के रूप में सेवाएं दे रहे उपेन्द्र डाटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**हिसार।** इंटरनेशनल टीचर डे सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक।

इंटरनेशनल टीचर डे पर शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले नारनौंद क्षेत्र के शिक्षक पीजीटी अंग्रेजी उपेन्द्र डाटा सम्मानित हुए हैं। पीजीटी उपेन्द्र डाटा वर्तमान में बीईओ ऑफिस उकलाना में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) के पद पर कार्यरत हैं और लंबे समय से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि समाज का पथप्रदर्शक भी होता है। यही सोच उन्हें लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रही है।

राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि इंटरनेशनल टीचर डे का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन श्रीनगर में हुआ। इसमें देशभर से चुनिंदा विभूतियों को सम्मानित किया, जिनमें उपेन्द्र डाटा का नाम भी शामिल है। इस अवसर पर उनके अब तक के योगदानों को रेखांकित किया जाएगा।



**आदमपुर।** रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता तथा अतिथि।

## शिविर में 50 युवाओं ने किया रक्तदान

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में शिव कॉलोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल हिसार की ब्लड बैंक टीम ने डॉ. जयप्रकाश के नेतृत्व में रक्त संग्रहण किया। कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखने योग्य था। कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और समाजसेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, समाजसेवी घीसाराम जैन, मार्केट कमेटी चेयरमैन ठाकर दत्त, वाइस चेयरपर्सन रितु गर्ग, कृष्ण दत्त धमीजा, आरती शर्मा, एनएसएस सह समन्वयक मनोज गोस्वामी, राजीव शर्मा और धर्मवीर जांगड़ा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन राजीव शर्मा ने किया, जिन्होंने एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा और उनके नेतृत्व में चल रही रक्तदान मुहिम पर एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर मांगेराम शर्मा, जीत भद्रेचा,भगत सिंह यादव, तपिश व अन्य मौजूद रहे।

# न्यू मॉडल टाउन में श्री श्याम बाबा जागरण में झूमे श्रद्धालु

**जागरण श्री सांवरिया युवा मित्र मंडल एवं श्री खाटू श्याम वीर बर्बरीक मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** विधायक सावित्री जिंदल को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। *फोटो :हरिभूमि*

न्यू मॉडल टाउन में श्री श्याम बाबा का जागरण श्री सांवरिया युवा मित्र मंडल एवं श्री खाटू श्याम वीर बर्बरीक मंडल ट्रस्ट द्वारा मनाया गया। इस मौके पर विधायिका सावित्री जिंदल, मयंक जांगड़ा पार्षद संजय डालमिया, पार्षद जगमोहन मित्तल, प्रवीण जैन, दिनेश कौशिक, दक्ष लांबा, निर्मल गर्ग, संजय गर्ग, राजीव मित्तल, विकास शर्मा, विजय शर्मा, रेजी, अनिल आदि मौजूद रहे। कलाकारों ने सुंदर झांकियों से व बाबा के भजनों 'हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे, चलो रे खाटू नगरी, खाटू जी श्याम का भवन निराला, कलयुग में श्री श्याम का बोल बाला, आदि भजनों से उपस्थित श्रद्धालु झूमते रहे।

**ये रहे मौजूद**

जागरण में गायक कलाकार मनोहर लाल भगत (सूरजगढ़), महंत तुरंत पुरी महाराज, विजय मोहन सिंघल, सुनील, संदीप राजस्थानी, पवन गेरा, मीनू अरोड़ा, अनिल तिलकधारी आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।

# शहर में दो लोगों के मर्डर से व्यापारियों और आमजन में दहशत : रवि आहूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** व्यापारियों से मुलाकात करते जेजेपी जिला प्रवक्ता रवि आहूजा।

शहर में दिन दहाड़े दो मर्डर होने से दहशत का माहौल है। पुलिस से कानून व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठने लगी है। हिसार से विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी रहे जेजेपी जिला प्रवक्ता रवि आहूजा ने दुकानदारों से मुलाकात की। जेजेपी प्रवक्ता आहूजा मंगलवार को सब्जीमंडी स्थित प्रतिष्ठानों पर पहुंचे।

इस मौके पर जेजेपी प्रवक्ता आहूजा ने शहर में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मांग उठाते हुए हत्या मामलों की घोर निंदा की। आहूजा ने अपने संबोधन में कहा कि शहर के सब्जीमंडी पुल के पास के पास सरेआम चाकुओं से गोंद कर एक युवक की हत्या कर दी गई। बीती रात सुन्दर नगर में दुकान के बाहर टहल रहे दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आज शहर का हर व्यापारी व आमजन इतना भयभीत है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रामकिशन वधवा, सुनील रावत, दीपक गर्ग, दीपक शर्मा, जतिन नारंग, नवीन सोनी, महेंद्र, गौरव सैनी, राधेश्याम वर्मा, चिराग मदान, गोल्डी भ्याणा व बंटी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# निबंध लेखन में ज्योति व काव्य रचना में दीक्षी ने मारी बाजी

**हिन्दी पखवाड़ा प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, ब्याना खेड़ा जिला भर में प्रथम रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, ब्याना खेड़ा के विजेता बच्चों को सम्मानित करते स्कूल का स्टाफ।

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ब्याना खेड़ा में हिन्दी पखवाड़ा प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गांव के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल राजसिंह कुंडु द्वारा बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता बच्चों में ज्योति ने जिला स्तर पर निबंध लेखन में प्रथम स्थान व हिंदी व्याकरण प्रश्नोत्तरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, दीक्षी ने काव्य रचना में जिला स्तर पर प्रथम स्थान, रितिका ने कविता पाठ में जिला स्तर पर दूसरा स्थान, काव्या ने व्याकरण प्रश्नोत्तरी में खंड स्तर पर प्रथम स्थान, संध्या ने भाषण प्रतियोगिता में खंड स्तर पर प्रथम स्थान, तनुज ने घटना वर्णन में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रीति ने घटना वर्णन में, अंजली ने कविता पाठ में, ईशु ने काव्य रचना में नाम कमाया।

# किसान सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ : अमरीक सिंह

**माढ़ा पैक्स में आयोजित किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, किसानों ने की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** माढ़ा पैक्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसान चर्चा करते हुए।

किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा अनेक चलाई जा रही है। पैक्स के माध्यम से भी किसानों को काफी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह बात पैक्स के प्रधान एवं पूर्व निदेशक अमरीक सिंह पाली ने माढ़ा पैक्स में आयोजित किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियां व राज्य स्तर पर सरकार द्वारा सहकारी समितियां के लिए अनेक ऐसी योजनाएं चल रही है जिससे किसान को लाभ मिल सके। किसानों को सस्ते रैटों पर खाद, बीज भी उपलब्ध करवाया जाता है। साथ ही उनको फसल के लिए ऋण भी दिया जाता है। जोकि किसान को फसल के बाद जमा करवाना होता है। उन्होंने बताया कि माढ़ा पैक्स किसानों के लिए कार्य करने पर पूरे देश में प्रथम रही थी। इस अवसर पर पंचकूला से सहायक शिक्षा अधिकारी ऋषिपाल, बदन सिंह, प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीतों से बांध दिया समां

**प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 15 टीम ने लिया हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागी व अतिथिगण।

भारत विकास परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत के तत्वावधान में आयोजित प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन भारत विकास परिषद केशव शाखा हिसार के आतिथ्य में हकृवि स्थित कैंपस स्कूल सभागार में धूमधाम से हुआ। प्रतियोगिता में प्रांत के विभिन्न जिलों से आई 15 टीम ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की संख्या 115 रही व 33 संगीतज्ञों ने भी सहभागिता सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसंगत राग, ताल एवं मधुर संगीत के साथ भावप्रवण गीतों की आकर्षक प्रस्तुति देकर देशभक्ति की अलख जगाई।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल सिरसा ने प्रथम स्थान, सेंट जोसेफ स्कूल हिसार ने द्वितीय व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम अब क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में भाविप हरियाणा पश्चिम प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी।

**मेयर ने सम्मानित किया**

*कार्यक्रम के समापन सत्र में मेयर प्रवीन पोपली मुख्यतिथि की भूमिका में रहे और पुनीत मैनी, अलका मैनी, अंकुर गोयल, सुमन गोयल व अमित अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भूपेंद्र जिला संघचालक, राहुल अग्रवाल, कमल सर्राफ, अशोक गुप्ता, सविता जैन, मीनाक्षी लाहौरिया, रेखा अग्रवाल, कुसुम लाहौरिया, पिंकी गोयल, संध्या वर्मा, अनीता गोयल, मीनाक्षी शर्मा, अनुपमा अग्रवाल, सुगंधा अग्रवाल, प्रीति जैन, मुकुल मित्तल, शक्ति अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, परीक्षित आर्य, वीरेंद्र लाहौरिया, व अन्य मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा पर एक क्विंटल खीर का प्रसाद वितरित

**हिसार।** शहर के सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार सुबह सोमवार रात्रि को चांद की रोशनी में रखी गयी खीर का प्रसाद वितरित किया गया। माना गया है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि चंद्रमा की रोशनी में धरती पर गिरने वाली ओंस के साथ अमृत बरसता है। मंदिर कमेटी के उप प्रधान त्रिलोक बंसल ने बताया कि सुबह छह बजे से प्रसाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर मंदिर कमेटी पदाधिकारी दिनेश बिंदल, त्रिलोक बंसल एवं आशीष जैन, विनोद सिंगल एवं शतीश बंसल मौजूद रहे।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई कल

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 9 अक्टूबर को सुबह मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र कुमार सभरवाल करेंगे।

### श्री वैष्णव अग्रसेन गोशाला में श्रीमद्भागवत कथा 23 से

**हिसार।** श्री वैष्णव अग्रसेन गोशाला अग्रोहा में गोशाला की सरपरस्त सावित्री देवी जिंदल व कृष्ण कुमार अग्रवाल की प्रेरणा से गोशाला में 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। गोशाला अग्रोहा के प्रधान राजेन्द्र केडिया ने बताया कि दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक होने वाली भागवत कथा का गुणगान श्रीधाम वृदांवन से पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री करेंगे।

### शरद पूर्णिमा पर मेले व भंडारे का आयोजन

**आदमपुर।** आदमपुर टेल वाला हनुमान मंदिर, काजला हनुमान म मंदिर, ढाब मंदिर, कोहली हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से शाम तक हजारों लोगों ने बाबा हनुमान की पूजा अर्चना कर दर्शन किए। दूसरी तरफ आदमपुर टेल वाला हनुमान मंदिर में सात सवामणी लड्डुओं की लगाई गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया।

### विद्यार्थियों ने 'मीडिया एक्सपो' का किया शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत 'मीडिया एक्सपो 2025', नई दिल्ली का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रिंटिंग, पैकेजिंग एवं मीडिया क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से परिचित कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## देशभर में अग्रोहा धाम इकाइयों का किया जा रहा विस्तार: डॉ. चन्द्रा

# अग्रोहा धाम में वार्षिक मेला देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

*देश के हर तीर्थ स्थल पर अग्रोहा धाम के भवन का निर्माण किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा धाम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को विशाल वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में भारी संख्या से देश के कौने-कौने से भक्तों ने हिस्सा लिया। मेले का शुभारंभ प्रातः 5 बजे शक्ति सरोवर स्नान के साथ हुआ। सुबह 7 बजे मंदिरों में आरती के साथ छप्पन भोग व सवामणी का प्रसाद लगाया गया।

● मंदिरों में आरती के साथ छप्पन भोग व सवामणी का प्रसाद लगाया गया

मेले में सम्मेलन में अग्रोहा धाम के मुख्य संरक्षक डॉ. सुभाष चन्द्रा ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में अग्रोहा धाम इकाइयों का विस्तार किया जा रहा है। देश के हर तीर्थ स्थल पर अग्रोहा धाम के भवन का निर्माण किया जाएगा। करोड़ों रुपये की लागत से दिल्ली में अग्रोहा धाम का बावड़ी बनाया जाएगा। दिल्ली में महाराजा अग्रसेन जी की नगरी का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है।



हिसार। महाब्रह्मऋषि कुमार स्वामी को स्मृति चिन्ह देते अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम प्रकाश अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो: हरिभूमि*

### महाब्रह्मऋषि कुमार स्वामी ने सुनाए प्रवचन

जगतगुरु महाब्रह्मऋषि कुमार स्वामी ने आए हुए भक्तों को प्रवचन के माध्यम से आशीर्वाद दिया और कहा कि आप पर हमेशा माता लक्ष्मी जी की कृपा रहेगी। भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने भजनों पर भक्त काफी देर तक नाचते रहे। कन्हैया मित्तल ने माता लक्ष्मी जी व महाराजा अग्रसेन जी का भजनों द्वारा गुणगान किया।

### अग्रोहा धाम मेला होगा ऐतिहासिक

अग्रोहा धाम मेला ऐतिहासिक रहा : जिंदल सम्मेलन में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि अग्रोहा धाम मेला ऐतिहासिक रहा और हर साल मेले से ज्यादा जनता इस बार मेले आई है। अग्रोहा धाम में वैश्य समाज के लोगों की आस्था जुड़ी है। धाम में हर रोज हजारों लोग दर्शन के लिए आते है। सबको एक होकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से अग्रोहा धाम का सौंदर्यीकरण हो रहा है। 30 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम व म्यूजियम समाज के सहयोग से बन रहा है।

### वैश्य समाज के हर व्यक्ति को अग्रोहा धाम से जोड़ेंगे: गर्ग

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम के नेतृत्व में देश व प्रदेश में हजारों संस्थाएं सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगी हुई है। देश भर में वैश्य समाज के हर व्यक्ति को अग्रोहा धाम से जोड़ा जाएगा। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों के अनुसार समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को ऊंचा उठाने के लिए सहायता कोष का गठन किया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर गजानंद गुप्ता, चूड़ियां राम गोयल, एन के गोयल, ऋषि राज गर्ग, अंजनी खारिया, पवन गर्ग, अनिल सिंगला मंगालीवाला, अनन्त अग्रवाल, आशीष सिंगला, आनन्द गोयल, महावीर कंप्यूटर, राज कुमार गोयल, राजेश केडिया, विनय जैन, अंजनी कनोडिया, सुरेन्द्र मित्तल, नेहा मित्तल, कान्ता गोयल, ईश्वर गोयल, विनोद गोयल, निरजन गोयल, राजेंद्र बंसल, महेश अग्रवाल, सतीश दिनौदा, राजेंद्र गुप्ता, मांगेराम रावलवासिया, राजवीर जैन, राजीव गुप्ता, राम कुमार बंसल, प्रवीण गर्ग, आशीष गुप्ता, अंजनी कोहलीवाला, बजरंग असरावां, मनोज बुडाकिया, अशोक गुप्ता आदि भारी संख्या भक्त मौजूद थे।

## युवावस्था में धर्म का ध्यान जरूरी

# बच्चों को संस्कार मिलना जरूरी : सुधाकर महाराज

■ युवावस्था में कमाया गया धन बुढ़ापे में काम आता है



हिसार। पत्रकारों से बात करते हुए सुधाकर महाराज। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बच्चों को अगर खिलौने न मिलें तो थोड़ी देर रोते हैं, लेकिन अगर संस्कार न मिलें तो पूरा जीवन रोएंगे। संपत्ति न मिले तो कोई बात नहीं, पर संस्कार मिलना जरूरी है। ऐसे ही युवावस्था में धर्म का ध्यान करना उतना ही जरूरी है जितना भविष्य के लिए धन कमाना। जैसे युवावस्था में कमाया गया धन बुढ़ापे में काम आता है, वैसे ही युवावस्था में अर्जित धर्म और संस्कार भी जीवनभर साथ देते हैं। यह बात महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रीमद्भागवत भास्कर गादिपति 108 गुरुजी सुधाकर महाराज (रंग महल धाम, हरिद्वार व मंगल धाम सिक्कम वाले) ने कही। ये कथा राजेंद्र सिंगला दिनौदा वाले और समस्त सिंगला परिवार की तरफ से आयोजित की गई है। सुधाकर महाराज ने कहा कि राष्ट्र की मजबूती संस्कारों से होती है, और आज के समय में युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ना सबसे आवश्यक कार्य है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी लोग अब भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जबकि भारत का कुछ वर्ग पश्चिमी संस्कृति की ओर भाग रहा है, जो गलत दिशा है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल बुजुर्गों के लिए नहीं, बल्कि युवाओं के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। संगीत, भजन और झांकियों के माध्यम से कथा में युवाओं की भागीदारी बढ़ती है और परिवार एक सूत्र में बंधते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल विवाह, जन्मदिन या अन्य आयोजनों में परिवार कुछ घंटों के लिए ही एकत्रित होता है, लेकिन श्रीमद्भागवत कथा में सात दिनों तक सभी साथ रहते हैं, जिससे पारिवारिक एकता और भक्ति दोनों का अनुभव होता है।

### सनातन धर्म सिखाता है प्रेम


सुधाकर जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म सबके सुख की कामना करता है। इसमें हिंसा का नहीं, बल्कि प्रेम और सहअस्तित्व का संदेश है। जैसे सूर्य, चंद्रमा और वृक्ष सभी के लिए समान रूप से आवश्यक हैं, वैसे ही विश्व शांति के लिए सनातन धर्म की भावना जरूरी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भगवान के स्वरूप को दिखावे के लिए नहीं, श्रद्धा और पवित्रता के साथ अपने पास रखना चाहिए और भगवान की पवित्रता का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। भजनों में फिल्मी धुनों के प्रयोग पर उन्होंने कहा कि फिल्मी धुनों पर भजन गाए जा सकते हैं, लेकिन वे अश्लील गीतों की धुनों पर नहीं होने चाहिए।

# तिरुपति धाम में मनाई शरद पूर्णिमा

■ तिरुपति धाम में 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले ब्रह्मोत्सव के प्रति श्रद्धालु उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री तिरुपति बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान वेंकटेश, माता लक्ष्मी व माता भूदेवी के विग्रह को चंद्रप्रभा की सवारी पर विराजमान करके विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर को फूलों, हरे पत्तों व बहुरंगी कलश से सुसज्जित किया गया। अर्चकों ने पूरे विधि विधान से आराधना की और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से खीर का प्रसाद बनाया गया।



हिसार। तिरुपति धाम में आयोजित शरद पूर्णिमा उत्सव में भगवान की पूजा करते अर्चक।

### तिरुपति धाम ब्रह्मोत्सव की तैयारी पूरी

लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में आयोजित शरद पूर्णिमा उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को तिरुपति धाम में 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले ब्रह्मोत्सव की जानकारी भी साझा की गई। ब्रह्मोत्सव को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं। 14 अक्टूबर तक चलने वाले इस ब्रह्मोत्सव में श्रद्धालुओं को हर रोज सुबह व सायं दिव्य वाहनों पर निकलने वाली झांकियों के दर्शन होंगे।

### एफसी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रतिभा अन्वेषण प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत की अध्यक्षता में किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिभा अन्वेषण के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का दर्शाया इस अवसर पर संगीत गायन एवं वादन, नृत्य, रंगोली, मेंहदी, कढ़ाई, काटूनिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलॉज मेकिंग, रंगाई व छपाई, कुकिंग वीदाउट फायर, हिन्दी, अंग्रेजी व संस्कृत कविता पाठ, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# हाई वोल्टेज से झुलसे अरमान को बचाया

■ सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में हाई वोल्टेज तारों से झुलसे बच्चे का सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

12 वर्षीय मासूम बच्चे की जिंदगी उस समय खतरे में पड़ गई जब पतंग उड़ाते हुए वह अचानक हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आ गया। हादसे में उसके शरीर का करीब 80 फीसद हिस्सा झुलस गया। हालत गंभीर थी और परिजनों ने लगभग उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन बच्चे को तुरंत सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल, हिसार लाया गया। यहां डॉ. राजेंद्र सिहाग और उनकी टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया। कई दिनों तक चले इलाज व देखभाल के बाद बच्चे ने अद्भुत रूप से रिकवरी की और अब पूरी तरह स्वस्थ होकर घर जा रहा है।



हिसार। उपचाराधीन बच्चे और उसके परिजनों के साथ सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सक। *फोटो: हरिभूमि*

### टीमवर्क से बच्चा पूरी तरह ठीक

डॉ. राजेंद्र सिहाग ने कहा कि इस केस में बच्चे ने बहुत हिम्मत दिखाई, उसके माता-पिता ने भी हौसला बनाए रखा और हमारी टीम ने पूरी लगन से काम किया। इसी टीमवर्क और धैर्य की बदौलत बच्चा पूरी तरह ठीक हो सका। बच्चे के परिवार ने भावुक होते हुए कहा कि जहां हमने उम्मीद छोड़ दी थी, वहां सर्वोदय अस्पताल की टीम ने हमारे बच्चे को नई ज़िंदगी दे दी।

## 'मेरे जीवन की वो पहेली है, कैसे निभाती है सारे काज, कभी मां तो कभी सहेली है'



■ राष्ट्रीय कवि संगम की जिला पुस्तकालय में गोष्ठी आयोजित

**हिसार।** राष्ट्रीय कवि संगम की हिसार इकाई द्वारा जिला पुस्तकालय में एक शानदार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में हिसार इकाई के संरक्षक तिलक जैन, मार्गदर्शक डॉ. चंद्रशेखर एवं अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता एवं मंच संचालन इकाई के अध्यक्ष नीरज कुमार मनचंदा ने किया। कवयित्री पूनम मनचंदा द्वारा मां शारदे के वंदन से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कवयित्री रिया नागपाल ने 'मेरे जीवन की वो पहेली है,कैसे निभाती है सारे काज,कभी माँ तो कभी सहेली है' सुनाकर सबकी वाहवाही पाई। कवयित्री चेतना कौशिक ने अपनी रचना 'मनन करते हुए मनुष्य बनो, न पशुता की ओर चलो, कह गए राम गर मारना है रावण को तो वनवास को चलो' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया।

# गुजवि-रोहतक मेटासाइटेक शिक्षण अनुसंधान सहयोग

■ गुजवि के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा एमओयू : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं मेटासाइटेक सोसायटी, रोहतक अब शिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। इससे गुजविप्रौवि के विद्यार्थियों के कौशल में बढ़ोत्तरी होगी तथा उनके लिए रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। गुजवि तथा मेटासाइटेक सोसाइटी, रोहतक के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा मेटासाइटेक सोसायटी, रोहतक की ओर से अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह गोयत ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजवि के कुलसचिव डा. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह तथा मेटासाइटेक सोसायटी, रोहतक के डा. अमिता ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा।

### नवाचार और एसटीईएम को मिलेगा बढ़ावा

अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह गोयत ने कहा कि मेटासाइटेक सोसायटी, रोहतक मुख्य रूप से वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और समान विचारधारा वाले व्यक्तियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की दुनिया का अन्वेषण करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि दोनों संस्थान सम्मेलन, संयुक्त संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस अवसर पर एसोसिएट डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. अर्चना कपूर भी उपस्थित रही।

# मुख्य न्यायाधीश पर हमला प्रयास, संविधान पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ यह घटना बेहद निंदनीय है, सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए



एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर वकील द्वारा किए गए हमले का प्रयास देश के संविधान पर हमला है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि लगभग 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर द्वारा सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर कथित रूप से सनातन धर्म के नाम पर जूता फेंक कर मारने व बेइज्जती करने का प्रयास किया गया है। यह घटना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। जब कानून की पैरवी करने वाले वकील ही इस तरह की मानसिकता के साथ कार्य करेंगे तो वे किस प्रकार से निष्पक्ष काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के साथ ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृति न हो इसके लिए सरकार को सख्त कदत उठाते हुए विचार करना चाहिए।

### विश्व हिंदू परिषद ने निकाली भव्य भगवा यात्रा



**हिसार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद हिसार ने भव्य भगवा यात्रा निकाली। यह यात्रा शहर के कैंची चैक, मील गेट से पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान तक धूमधाम से निकाली गई तथा इस यात्रा का समापन ग्रीन स्क्वेयर मार्केट में किया गया। यात्रा के प्रमुख रमाशंकर हिन्दू, डॉ राजेंद्र गुप्ता, अशोक तिलकधारी, मनजीत हिन्दू थे। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली, प्रोफेसर मनदीप मलिक, अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, शंकर गोस्वामी, सतीश प्रमुख रूप से शामिल हुए। यात्रा का समापन प्रवीण गुप्ता हिन्दू के प्रतिष्ठान पर किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश निंदनीय : अमित जाटव

**हिसार।** भीम आर्मी हिसार जिला प्रभारी अमित जाटव ने देश के सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर सुनवाई के दौरान जूता फेंकने की कोशिश करना अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है। इस घटना ने न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

अमित जाटव ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देश की न्याय व्यवस्था पर इस प्रकार का हमला लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। न्यायपालिका वह संस्था है जो आम जनता को न्याय दिलाने का कार्य करती है और उस पर इस तरह की हरकतें अस्वीकार्य हैं।

**बैठक** ऑडिटोरियम बारे निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों व कंसल्टेंसी एजेंसी से की बैठक

# सातरोड गांव में बनेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम एक एकड़ से ज्यादा जगह चिन्हित : निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम आयुक्त नीरज ने कहा है कि सातरोड गांव में नगर निगम की ओर से अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। यह ऑडिटोरियम स्वर्ण जयंती पार्क के सामने बनाया जाएगा जिसके लिए एक एकड़ दो कनाल जगह चिन्हित की गई है। निगत आयुक्त नीरज इस बारे अधिकारियों सहित कंसल्टेंसी एजेंसी के साथ बैठक कर रहे थे। कंसल्टेंसी एजेंसी ने ऑडिटोरियम के अलग-अलग डिजाइन प्लान दिए हैं। इस दौरान चीफ इंजीनियर बिरेन्द्र कुमार कर्दम, एसई सतीश गर्ग, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, एमई अमित बेरवाल सहित कंसल्टेंसी एजेंसी मौजूद रही। निगमायुक्त ने बताया कि इस ऑडिटोरियम में सभी आवश्यक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें लगभग एक हजार व्यक्तियों के बैठने के व्यवस्था की जाएगी। इसमें पार्किंग, कैफे, वीआईपी रूम आदि का निर्माण कार्य किया जाएगा।



हिसार। ऑडिटोरियम बारे बैठक लेते निगम आयुक्त नीरज। *फोटो: हरिभूमि*

### मेयर ने किया अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाए जाने का स्वागत

मेयर प्रवीण पोपली ने सातरोड में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच भी मिलेगा। नगर निगम का प्रयास है कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस हो और शहर के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।